भारत का दूतावास
बहरीन

हिंदी दिवस (14 सितम्बर 2024)

राजदूत श्री विनोद के. जैकब का सम्बोधन

नमस्कार।

आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

जैसा कि आप जानते हैं, राष्ट्रीय हिंदी दिवस का इतिहास 14 सितंबर, 1949 से शुरू होता है जब भारत की संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी गई हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में अपनाया था।

साल 2024 खास है क्योंकि यह हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दिए जाने की 75 वीं वर्षगांठ है ।

हिंदी के माध्यम से न केवल भारत, बल्कि दुनिया भर के करोड़ों लोग अपनी भावनाओं और विचारों को बेहतर तरीके से व्यक्त कर सकते हैं । हिंदी हमारे देश की भाषा होने के नाते हमारे समाज, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक भी है ।

भारत सरकार ने हिंदी को बढ़ावा देने को उच्च प्राथमिकता दी है और संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मान्यता और इसके उपयोग को बढ़ाने के लिए प्रयास जारी है । यूनेस्को में हिंदी, नौ कामकाजी भाषाओं में से एक है। हम सभी को हिंदी को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना चाहिए ताकि हमें हमारी भाषा पर अभिमान रहे और हम इससे हमेशा जुड़े रहे ।

इस अवसर पर मैं यह भी बताना चाहता हूँ कि भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने एक पहल, "देखो अपना देश - पीपल्स च्वाइस 2024" की शुरुआत की है।

जिसका उद्देश्य अनेक श्रेणियों में सर्वोत्तम पर्यटक आकर्षणों पर जनता के विचार प्राप्त करना है ताकि उन्हें विश्व स्तरीय स्थलों के रूप में विकसित किया जा सके।

आप भी इस जन-भागीदारी पहल का हिस्सा MyGov.in App तथा " देखो अपना देश " की साइट के माध्यम से बन सकते हैं ।

धन्यवाद।

*****